साप्ताहिक

बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 4 | अंक : 06 | गोंदिया : गुरुवार, दि. 21 सितंबर से 27 सितंबर 2023 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

गणपति बप्पा का ठोल नगाड़े और जयकारो के साथ हुआ आगमन 673 सार्वजनिक स्थानों में

395 गावों में एक गाव एक गणपती एवं घरों में 5471 बिराजे गणपति भक्तों में भारी उत्साह

बुलंद गोंदिया। प्रथम पूज्य श्री गजानन गणपति बप्पा का इस वर्ष 19 सितंबर मंगलवार को हुआ। प्रथम दिन विघ्नहर्ता की प्रतिमा 673 सार्वजनिक स्थानों 395 एक गाव एक गणपती वह5471 घरों में बाप्पा के भक्तों ने भारी उत्साह के साथ ढोल नगाड़े के साथ विराजित किया।

गौरतलब है कि गणेश उत्सव गोंदिया जिले में के साथ-साथ संपूर्ण महाराष्ट्र में भारी उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें 10 दिनों तक सार्वजनिक स्थानो व घरों में बप्पा की प्रतिमा को स्थापित कर संपूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। तथा सार्वजनिक स्थानों में विराजित होने वाली गणेश मंडलों द्वारा विभिन्न सामाजिक, जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं साथ ही विभिन्न स्थानों पर बाबा के भंडारे भी लगते हैं।

इस वर्ष गणेश उत्सव का पर्व 19 सितंबर मंगलवार गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आरंभ हुआ तथा जिले में 673 सार्वजनिक स्थान, 395 एक गांव एक गणपति वह करीब 5471 से अधिक घरों में गणपति बप्पा की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू की गई।

धार्मिक आयोजनों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

19 सितंबर से शुरू हुए गणेश उत्सव के 10 दिनों के पर्व के दौरान सार्वजनिक पंडालो में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शासन द्वारा जनहित में जारी किये गए अनेक कार्यक्रमों को जन जागृति के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके लिए सभी मंडलो को प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं तथा शासन द्वारा उत्कृष्ट गणेश उत्सव मंडल को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

गणेश पर्व के दौरान जिले में कानून सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर के निरीक्षण में गोंदिया जिले के 4 उपविभाग के उप विभागीय पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में संपूर्ण 16 पुलिस थाने के निरीक्षक की सुरक्षा में गणेश उत्सव संपन्न होगा जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर पॉइंट सुरक्षा व्यवस्था ,नाकाबंदी, गस्त लगाई जाएगी,

साथ ही भीड़ के दौरान चोरी, पॉकेट मारी करने वाले पर नजर पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस अधिकारी तथा पुलिस कर्मचारी, चार्ली पाथक, दामिनी पाथक को सक्रिय किया गया है। तथा कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बिगड़ने वाले अपराधी प्रवृत्ति के आरोपियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएंगी साथ ही आर.सी.पी, क्यू.आर.टी , पथक, सी -60 पथक, बी डी. डी. एस, जिला यातायात शाखा तथा होमगार्ड राज्य सुरक्षा पुलिस दल को संपूर्ण जिले में गणेश उत्सव के दौरान शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए सजग किया गया है।

करंट प्रवाहित विद्युत तारों की चपेट में आकर दंपत्ति की मौत

» एक महिला घायल: घाटबोरी-कोहली घटना

बुलंद गोंदिया। खेत में कृषि कार्य करने गए एक दंपत्ति की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. यह घटना सड़क-अर्जुनी तहसील के घाटबोरी-कोहली गांव में बुधवार 20 सितंबर को सुबह 11 बजे के बीच हुई। मृत दंपत्ति की पहचान तुलसीदास रेवाराम लंजे (45) और माया तुलसीदास लंजे (42, निवासी घाटबोरी-कोहली) के रूप में की गई है, जबकि इंदु हीरालाल लंजे (43) गंभीर रूप से घायल हो गयी । लंजे परिवार बुधवार की सुबह सड़क-अर्जुनी तहसील के गांव कोदामेडी से सिंदिपार रोड पर धान की कटाई करने के लिए अपने खेत में गया था। हालांकि, खेत में पहुंचने पर तुलसीदास लंजे और माया लंजे की वहां गिरी बिजली लाइन को छू जाने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इंदु लंजे भी छूकर गिर गईं। यह देखकर उसके साथ मौजूद हीरालाल लंजेने डंडे से बिजली लाइन को फेंक दिया, जिससे इंदु लंजे की जान बच गई। छह दिन पहले शिकायत दर्ज कराई गई थी किसान लंजे के खेत से बिजली विभाग का 33 केवी की लाइन गयी है। पिछले पांच-छह दिनों से बारिश और हवा के कारण कुछ तर टूट गए थे कुछ किसानों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी थी. हालांकि, कुछ किसानों का कहना है कि बिजली विभाग ने इसे नजरअंदाज कर दिया है. बिजली वितरण कंपनी के अराजक प्रबंधन के कारण लंजे दंपत्ति की मौत हो गई है।

दंपत्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों किया घेराव

कृष्ण अवतारी श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव भादवा दूज पर निकाली भव्य ध्वज यात्रा

जय बाबारी के जय घोष से गूंज उठा शहर हजारों श्रद्धालु हुए शामिल बारिश में भी भक्तजनों का उत्साह रहा बढ़-चढ़कर

बुलंद गोंदिया। भगवान श्री कृष्ण के अवतारी श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव भादवा सुदी दूज को मनाया जाता है जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर शनिवार 16 सितंबर को बाबा की भव्य ध्वज यात्रा निकाली गयी जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तगण शामिल हुए इस दौरान भारी बारिश के बावजूद बाबा के भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ तथा वह बढ़-चढ़कर जय बाबारी के जय घोष लगाते हुए आगे बढ़े जिससे संपूर्ण शहर जय बाबा के जय घोष से गूंज उठा। कृष्ण अवतारी बाबा रामदेव का जन्मोत्सव भादवा सुदी दूज को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। बाबा के जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर गोंदिया के रामदेव भक्तसंगम द्वारा रामदेव दरबार पाल चौक के बापजी महेशजी बंग के आशीर्वाद से द्वितीय वर्ष भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ध्वज यात्रा का शुभारंभ दोपहर 2.00 बजे अग्रसेन भवन में बाबा रामदेव का पूजन कर किया गया व अग्रसेन भवन से सब्जी मंडी होते हुए गोंदिया के प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर, चना लाइन ,चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा,प्रभात टाकीज ,गुरुनानक गेट, मोदी पेट्रोल पंप से होते हुए गणेश नगर स्थित श्री रानी सती मंदिर पहुंची। यात्रा के श्री रानी सती मंदिर पहुंचने पर ध्वज का पूजा अर्चना कर बाबा की आरती की गई इसके पश्चात आर्वी से पधारे बाबा के भजन गायक देवेंद्र राठी द्वारा अपनी सुमधुर वाणी में बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जिससे इस अवसर पर रानी सती मंदिर मैं उपस्थित सभी भक्तगण झूम उठे वह जय बाबा के जयकारे लगने लगे।

भारी बारिश में भी भक्तों का उत्साह नहीं हुआ कम

ध्वज यात्रा के शुभारंभ होने के पश्चात चांदनी चौक पहुंचते ही तेज बारिश शुरू हो गई लेकिन बारिश होने के बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे वह पुरुष शामिल थे। बारिश में भी बाबा के जयकारे वह जय घोष करते हुए शोभायात्रा निरंतर अपने पथ पर चलती रही।

ध्वज यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

श्री रामदेव बाबा के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य ध्वज यात्रा का मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा का स्वागत कर ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल , शरबत मिठाई आदि की आदि की व्यवस्था की।

नकली सोना बिक्री कर ठगने वाले 3 का अपहरण कर एक की हत्या

लोकल क्राइम ब्रांच व रावनवाड़ी पुलिस के संयुक्त दल ने कुछ ही घंटे में बालाघाट जिले के वारासिवनी से पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

बुलंद गोंदिया। नकली सोना बिक्री कर कई दिनों से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर ठगने वाले 3 लोगों का अपहरण कर बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील के ग्राम डोंगरगांव में ले जाकर 7 से 8 लोगों द्वारा उनकी जमकर पिटाई की गई जिसमे गोंदिया के गोंडीटोला/ कटंगी कला निवासी किशोर चुन्नीलाल राठौर हत्या कर दी।

प्रकरण इस प्रकार है कि फरियादी संदीप मदनलाल ठकरेले उम्र 23 वर्ष निवासी गोंडीटोला कटंगी कला द्वारा 19 सितंबर को रावणवादी पुलिस थाने में आकर शिकायत दर्ज करवाई की 18 सितंबर की दोपहर 3:00 बजे के दौरान वह अपने मित्र किशोर चुन्नीलाल राठौर उम्र 30 वर्ष वह देवदीप राजेंद्र जैतवार उम्र 18 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से किशोर राठौड़ के पास मौजूद नकली सोने के झूमर को बेचने के लिए ग्राम डांगोर्ली पहुंचे थे।

जहां पर आरोपियों द्वारा पहले से ही अनाधीकृत रूप से जमावड़ा कर उनके पहुंचने पर उनके साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल पर बैठकर वारासिवनी के डोंगरगांव के खेत परिसर में लेकर गए। वह हमको नकली सोना बेचकर हमारे साथ धोखाधड़ी करता है तथा अब तक लाखों रुपए के नकली सोना देकर हमें लूटा है हमारे पैसे वापस कर ऐसा बोलते हुए फरियादी के मित्र देवदीप जैतवार के जेब से5000 निकालने के साथ ही लकड़ी व हाथ बुक्को से उनकी जमकर पिटाई की। इसपिटाई में किशोर चुन्नीलाल राठौर की मौत हो गई।

उपरोक्त मामले में फरियादी की शिकायत पर रावणवाडी पुलिस थाने में भादवि की धारा 302, 364, 386, 341, 143, 144, 147, 148, 149, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए तथा शुरू होने वाले पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले ,अपर पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर, उप विभागीय पुलिस अधिकारी ताजने के निर्देश पर आरोपियों की तलाश के लिए लोकल क्राइम ब्रांच वह रावणवाडी पुलिस थाने के निरीक्षक को दी।

तत्काल पथक बनाकर आरोपियों की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर रवाना किया गया। गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकल क्राइम ब्रांच द्वारा वारासिवनी जिला बालाघाट से आरोपी ओमप्रकाश खिलेश्वर चौधरी उम्र 18 वर्ष ,अजय तुरकर उम्र 35 वर्ष, शुभम उर्फ राजू दीपचंद ठाकरे 23 वर्ष, अशोक ठाकरे 40 वर्ष, आलोक बिसेन 24 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोसते तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया गया है। तथा इस मामले में और आरोपियों की संख्या बढ़ाने की संभावना है।

उपरोक्त करवाई कुछ ही घंटे में कर आरोपियों को गिरफ्तार करने पर लोकल क्राइम ब्रांच और रावनवाड़ी पुलिस दल का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सरहाना की गई। यह कार्रवाई लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबदे, निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर, के मार्गदर्शन में सपोनी सपोनि सरवदे, अम्बुरे, पो.हवा. राजेंद्र मिश्रा, महेश मेहर, रियाज शेख, सुमेन्द्र तूरकर तुलसीदास लूटे, इंद्रजीत बिसेन, लक्ष्मण बंजार, संतोष केदार , चापोशी विनोद गौतम द्वारा की गई।

खातिया ग्राम पंचायत मे स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली गई

बुलंद गोंदिया। (संवाददाता खातिया) - गोंदिया तहसील अंतर्गत आनेवाले ग्राम खातिया के पंचायत कार्यालय मे 17 सितंबर रविवारको स्वच्छता ही सेवा की शपत ली गयी। इस अवसर पर सरपंच ललित अर्जुन तावाडे, उपसरपंच प्रकाश गिरेपुंजे, विवाद मुक्त समीती अध्यक्ष कुवरलाल फुंडे, पुर्व विवाद मुक्त समीती अध्यक्ष सुनील शेन्डे, सामाजिक कार्यकर्ता देवानंद महारवाडे , मुलचंद बहेकार,ग्राम पंचायत सदस्य, जिला परिषद पाठशाला के मुख्याध्याप गणेश चुटे व शिक्षक, विद्यार्थी, ग्राम पंचायत सदस्य,उसी प्रकार आंगनवाड़ी कर्मचारी ग्रामीण नागरीक बडी संख्या मे उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच ललित अर्जुन तावाडे ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि स्वच्छता रखना हम सभी की जिम्मेदारी है ग्राम मे किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं करू जिससे कि हम सभी आम नागरिको को परिणाम भुगतना पड़े गंदगी से अनेक प्रकार के रोगो का फौलाव होता है व साथ ही परिसर ही दुषीत होता जिस तरह हम अपना घर स्वच्छ रखते उसी तरह से अपना परिसर परिसर और गाव स्वच्छ रखें यह भी हम सभी की जिम्मेदारी है इस दौरान जिला परिषद स्कूल परीसर स्वच्छता कार्यक्रम लिया गया।

संपादकिय...

अधूरी 'नारी शक्ति-पूजा'

नया महिला आरक्षण बिल नए संसद भवन में पहले ही दिन पेश किया गया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नामकरण के साथ बिल को पेश किया, लेकिन अभी यह अधूरा है। यह बिल लोकसभा, विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सदन में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की बात करता है, लेकिन राज्यसभा, विधान परिषद आदि में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं रखी गई है। सिर्फ अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को विभिन्न सदनों में आरक्षण मिलेगा। ओबीसी, यानी पिछड़ी, मुस्लिम और ठेठ आदिवासी महिलाओं को क्यों छोड़ दिया गया, शायद बहस के दौरान सत्ता-पक्ष यह स्पष्ट करे! महिला आरक्षण फिलहाल 15 साल के लिए होगा। बाद में अवधि बढ़ाने का अधिकार संसद को है। बिल में यह स्पष्ट किया गया है कि पहले जनगणना होगी। उसमें कमोबेश 2 साल का समय चाहिए। जनगणना के बाद परिसीमन किया जाएगा, जिसके आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। इसके लिए भी कम से कम 2 साल चाहिए। बिल्कुल स्पष्ट है कि 4 साल तक महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होगी। 2024 के बाद आम चुनाव 2029 में होगा। संसद के विशेष सत्र में ही महिला आरक्षण बिल दोनों सदनों में पारित कराया जा सकता है। यदि पारित होने और कानून बनने के बावजूद महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो फिर 2024 के आम चुनाव से 6-7 माह पूर्व यह बिल क्यों लाया गया? मौजूदा सरकार मई, 2014 में आई। उसके पहले मार्च, 2010 में महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में, भाजपा के सहयोग और समर्थन से, पारित कराया गया। तब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। राज्यसभा में पारित होने के बाद बिल लोकसभा को भेजा गया, लिहाजा वह लोकसभा की प्रॉपर्टी बन गया। 2014 के चुनाव के साथ ही लोकसभा का कार्यकाल समाप्त हुआ, तो महिला आरक्षण बिल भी निरस्त हो गया। यह संसदीय व्यवस्था है और गृहमंत्री अमित शाह ने भी सदन में स्पष्ट किया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी तथ्यात्मक रूप से गलत हैं कि वह बिल लोकसभा में अब भी जीवित है और राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री काल में महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित कराया था। यह गलत और भ्रामक जानकारी महज राजनीतिक श्रेय की होड़ का एक हिस्सा है। दरअसल सवाल यह किया जाना चाहिए कि मई, 2014 से 2023 तक प्रधानमंत्री मोदी ने इस बिल को पारित कराने और देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी तय करने की पहल क्यों नहीं की? अब भी बिल के साथ कई चुनौतीपूर्ण तौर-तरीके जुड़े हैं कि आखिर महिला आरक्षण लागू कैसे किया जाएगा? दरअसल यह अधूरी नारी शक्ति-पूजा है, अलबत्ता बिल पारित किए जाने से प्रधानमंत्री और भाजपा के पक्ष में एक राजनीतिक धारणा जरूर बनेगी कि वे महिला-समर्थक हैं। 2019 के आम चुनाव में भी भाजपा को करीब 36 फीसदी महिला वोट मिले थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर राज्य में नमो 11 सूत्री कार्यक्रम लागू किया -मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

छत्रपति संभाजी नगर। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर राज्य में नमो 11 सूत्री कार्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है। सूबेदारी विश्राम गृह में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी. इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार मौजूद थे।

मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ाया है। भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना देश के लिए गर्व की बात है। जी-20 सम्मेलन राज्य के कई शहरों में आयोजित किया गया. इन सम्मेलनों के माध्यम से हमें अपनी सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों की जानकारी दूसरे देशों तक पहुंचाने का अवसर मिला। दिल्ली में आयोजित जी-20 बैठक में प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों और प्रस्तावों को विभिन्न देशों के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। %वसुधैव कुटुम्बकम% हमारा आदर्श वाक्य है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सबका विकास, सबका साथ, सबका प्रयास, सबका विश्वास के संकल्प को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गयी। नमो महिला सशक्तिकरण मिशन

नमो के 11 सूत्री कार्यक्रम में नमो महिला सशक्तिकरण मिशन लागू किया जाएगा और 73 लाख महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा. शक्ति समूह धारा में 40 लाख महिलाओं को जोड़ने के अलावा 20 लाख नये महिला शक्ति समूह जोड़े जायेंगे। अभियान के तहत 5 लाख महिलाओं को रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण, 5 लाख महिलाओं को व्यवसाय स्थापित करने के लिए पूंजी और 3 लाख महिला उद्यमियों को बाजार और ग्राहक उपलब्ध कराया जाएगा।

नमो कार्यकर्ता कल्याण मिशन

भारत के निर्माण में योगदान देने वाले हाथों को श्रद्धांजलि के रूप में नमो कामगार कल्याण अभियान के तहत 73 हजार निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान की जाएंगी।

नमो फार्म अभियान

किसानों की आय दोगुनी करने के लिए नमो शेताली अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 73 हजार खेत तालाबों का निर्माण किया जाएगा और होने वाली बारिश की हर बूंद को संग्रहित किया जाएगा। फार्म के माध्यम से कृषि के लिए प्रचुर पानी उपलब्ध कराकर किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उसी फार्म से मछली व्यवसाय जैसे कृषि संबंधी व्यवसाय स्थापित करने पर भी जोर दिया जाएगा।

नमो आत्मनिर्भर एवं सौर ऊर्जा ग्राम अभियान

नमो आत्मनिर्भर एवं सौर ऊर्जा ग्राम अभियान क्रियान्वित कर 73 हजार आत्मनिर्भर गाँव विकसित किये जायेंगे। बेघरों या मिट्टी के घरों में रहने वालों के लिए पक्के घर बनाना, घरों में शौचालय बनवाना और उनका उपयोग करने का प्रयास करना, पक्की सड़कों का जाल बिछाना, गांव में जरूरतमंद नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराना, महिलाओं को सामाजिक और सशक्त बनाना। आर्थिक रूप से, उन्हें पानी के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाना, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करना। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह अभियान जैविक खेती के लिए सशक्तिकरण, मार्गदर्शन और समर्थन, जैविक उत्पादों के लिए विशेष बाजार प्रदान करेगा। , उत्पादों के निर्यात के लिए मार्गदर्शन, उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए मार्गदर्शन और 73 सफल प्रगतिशील किसान।

नमो गरीब एवं पिछड़ा वर्ग सम्मान मिशन

गरीबों और पिछड़े वर्ग के समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए नमो गरीब वी मगसगिया सन्मान अभियान लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों और पिछड़े वर्ग के लिए पक्के मकान बनाए जाएंगे. साथ ही बस्तियों में पक्की सड़कों का निर्माण, घरों में बिजली आपूर्ति, सामाजिक प्रबोधन के लिए सामुदायिक मंदिर का निर्माण, गरीब और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी इस अभियान के माध्यम से मदद की जाएगी।

नमो ग्राम सचिवालय मिशन

नमो ग्राम सचिवालय मिशन को लागू करके प्रत्येक जिले में 73 ग्राम पंचायत कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और पूरी तरह से सौर ऊर्जा का उपयोग करने की योजना बनाई जाएगी। सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और इसके माध्यम से पूरे गांव का कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा।

नमो आदिवासी स्मार्ट स्कूल मिशन

आदिवासी स्मार्ट स्कूलों के निर्माण और सुधार के साथ-साथ नमो ट्राइबल स्मार्ट स्कूल मिशन लागू करके 73 विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आधुनिक संसाधनयुक्त स्कूलों का निर्माण, हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधाएं, नई तकनीक और डिजिटल शिक्षा, अंतरिक्ष और विज्ञान में महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन, महत्वपूर्ण खोजों पर जानकारी, प्रशिक्षण कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं और अंतरिक्ष अवलोकन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इन स्कूलों के माध्यम से छात्रों को प्रदान किया जाएगा।

नमो दिव्यांग शक्ति अभियान

नमो दिव्यांग शक्ति अभियान लागू किया जाएगा और इसके माध्यम से दिव्यांगों के लिए पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जाएंगे। दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन अभियान के रूप में निर्धारित किया जायेगा। दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, परिवहन व रेलवे पास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी. मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने इस अवसर पर यह भी कहा कि दिव्यांगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके लिए लागू योजनाओं का लाभ दिलाना, दिव्यांगों को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना, दिव्यांगों को व्यवसाय स्थापित करने के लिए पूंजी एवं ऋण उपलब्ध कराना। इस अभियान के माध्यम से दिव्यांगों और उनके अभिभावकों को भी परामर्श दिया जाएगा।

नमो खेल मैदान और उद्यान मिशन

सुसज्जित खेल मैदानों और पार्कों के निर्माण के लिए नमो खेल मैदान और पार्क अभियान लागू किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को आउटडोर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी काउंसलिंग कर उनके सशक्तिकरण पर जोर दिया जाएगा।

नमो सिटी सौंदर्यीकरण अभियान

नमो सिटी ब्यूटीफिकेशन मिशन को लागू करके 73 स्थानों पर शहर सौंदर्यीकरण परियोजनाएं लागू की जाएंगी। शहर में जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए उद्यान, तालाब, सड़क, फुटपाथ, चौराहे, चौराहे जैसे सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री इस मौके पर शिंदे ने कहा.

नमो तीर्थ एवं गढ़ किला संरक्षण अभियान

नमो श्राइन एवं गैडकिल प्रोटेक्शन मिशन लागू कर 73 ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों का सुधार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान के माध्यम से ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार, बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान, डिजिटल दर्शन, स्थानीय सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि का काम किया जाएगा।

सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले- चिन्मय गोतमारे

सेवा माह 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा

बुलंद गोंदिया। आम जनता के काम निर्धारित अवधि के भीतर हो यह सुनिश्चित करने और सरकार के कामकाज में नागरिकों का विश्वास बढ़ाने के लिए 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2023 तक सेवा माह चलाया जा रहा है. सेवा के इस माह में सरकार की विभिन्न योजनाओं से जरूरतमंदों को भरपूर लाभ मिले। जिला कलक्टर चिन्मय गोतमारे ने निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी वेबसाइटों पर लंबित आवेदनों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए तथा आवश्यक स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएं।

सेवा माह के दौरान प्राप्त आवेदनों का निपटारा आपके सरकारी सेवा पोर्टल, महावितरण पोर्टल, डीबीटी पोर्टल, नागरिक सेवा केंद्र, जन शिकायत पोर्टल, संबंधित विभाग की अपनी वेबसाइट पर किया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यक स्थानों पर शिविर लगाकर लंबित आवेदनों का निस्तारण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इससे नागरिकों में सरकार और सरकार की कार्यप्रणाली के प्रति विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सेवा माह में राजस्व, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, आदिवासी, लोक स्वास्थ्य, ऊर्जा विभाग शामिल हैं, जो मुख्य रूप से आम लोगों से जुड़े हैं. लंबित रिकॉर्ड संशोधन, संपत्ति हस्तांतरण पंजीकरण, नया नल कनेक्शन, विकलांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सुविधा, नया मतदाता पंजीकरण, शिक्षार्थी ड्राइविंग लाइसेंस, टीकाकरण, वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड सुविधा, लंबित घरेलू बिजली कनेक्शन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र, सखी किट वितरण, नान क्रेमिलायर प्रमाण पत्र, महिला स्वशासन परमिट जैसी कुल 25 सेवाएं शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख सेवा माह के सफल क्रियान्वयन के लिए योजना बनाएं और मैदानी अधिकारियों से प्रगति की दैनिक समीक्षा भी करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी सरकारी विभागों से सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओं से संबंधित लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए प्रक्रिया निर्धारित और क्रियान्वित की जानी चाहिए।

विदर्भ राज्य आंदोलन समिति का नागपुर समझौते की होली 28 सितंबर को

बुलंद गोंदिया। 28 सितंबर 1956 को नागपुर समझौते के तहत विदर्भ के साथ घात किया गया। उस धोखाधड़ी वाले नागपुर समझौते के विरोध में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति ने 28सितंबर को नागपुर समझौते की होली आंदोलन विदर्भ के प्रत्येक जिले में करने की जानकारी दी है। पूर्वी विदर्भ अध्यक्ष अरुणभाऊ केदार, नागपुर जिला अध्यक्ष महिला अघाड़ी सुधाताई पावड़े, नागपुर जिला अध्यक्ष अरविंद भोसले, भंडारा गोंदिया प्रभाग प्रमुख सुरेंद्र वाढई, युवा अघाड़ी पश्चिम विदर्भ प्रमुख श्याम अवथले, भंडारा जिला अध्यक्ष दिनेश काले, गोंदिया जिला अध्यक्ष दादाजी फुंडे, गोंदिया जिला समन्वयक अतुल सतदेवे, विदर्भ नेता वसंत गवली, जिला उपाध्यक्ष भोजराज ठाकरे, जिला महासचिव सीपी बिसेन, गुलाबराव गावंडे इनके प्रमुख उपस्थिती में बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई. विदर्भ राज्य आंदोलन समिति द्वारा विदर्भ मिळवू औंदा कार्यक्रम के तहत दि. 31 दिसंबर 2023 तक स्वतंत्र विदर्भ राज्य पाने के लिए करो या मरो, या जेल जाओ की घोषणा की है और इस आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाकर और आंदोलन को तेज करके सरकार को स्वतंत्र विदर्भ राज्य निर्माण के लिए मजबूर किया जायेगा। संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार स्वतंत्र विदर्भ राज्य की 118 वर्षों की मांग को मूर्त रूप देने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों दिनांक 05/09/2023 को वर्धा में आयोजित विदर्भ राज्य आंदोलन समिति कोर कमेटी की बैठक में विदर्भ की जनता के साथ अन्याय करने वाले नागपुर समझौते की होली आंदोलन विदर्भ के प्रत्येक जिले में 28 सितंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के प्रतीक रहे आष्टी (शहीद) जिला वर्धा यहाँ से विदर्भ संकल्प पदयात्रा दि. 30/09/2023 को सुरू होगी तथा तळेगाव-आर्वी- कौंडण्यपुर होकर दिनांक 02/10/2023 को दोपहर 12 बजे विदर्भ संकल्प महिला सम्मेलन तथा दोपहर 1 बजे रुक्मिणी मन्दिर घेराव आंदोलन होगा.

विदर्भ की जनता उत्स्फूर्त प्रतिसाद दे ऐसा आवाहन इस अवसर पर किया गया. इस बैठक में विदर्भ प्रेमी, समर्थक कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

अस्पताल में पानी की समस्या पेयजल के लिए भटक रहे मरीज

देवरी -सुदूर इलाके में स्थित चिचगढ़ के अस्पताल में अव्यवस्था एक बार फिर सामने आई है. मरीजों की देखभाल के मामले में पहले से ही अस्पताल निशाने पर था. अब अस्पताल में सादा पानी भी उपलब्ध नहीं है. जिससे अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजन परेशान हो रहे हैं. देवरी से 30 किमी दूर चिचगढ़ एक बड़ा गांव है. इसके क्षेत्र में 25 से 30 गांवों का समावेश. चिचगढ़ उन गांवों के लिए एक बड़ा बाजार है. इसमें ग्रामीण अस्पताल, अपर तहसीलदार कार्यालय, पुलिस स्टेशन आदि हैं. यह इलाका नक्सलग्रस्त के लिहाज से बेहद संवेदनशील है. वहीं इस क्षेत्र के गांव वनाच्छादित हैं. क्षेत्रवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण अस्पताल शुरू किया गया है, लेकिन अस्पताल हमेशा चर्चा में रहता है. जहां अपर्याप्त स्टाफ है। जो अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

अस्पताल में सुविधाओं का अभाव

उल्लेखनीय है कि इस अस्पताल के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति सीधे गोंदिया जिला मुख्यालय में की गई है. देवरी के अस्पताल की दूरी अधिक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के मरीज चिचगढ़ के अस्पताल में जाते हैं. इस अस्पताल में मरीजों की देखभाल अच्छी नहीं है. इसके अलावा अपर्याप्त स्टाफ और अपर्याप्त सुविधाओं के कारण मरीजों को सीधे गोंदिया रेफर करना दिनचर्या बन गया है. अब अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को पीने का साधारण पानी भी नहीं मिल पा रहा है. जिससे उन्हें अपनी प्यास बुझाने अस्पताल के बाहर लगे चाय के टपरी पर जाना पड़ता है.

लोग हो रहे परेशान

बेहद सुदूर इलाके में स्थित चिचगढ़ के अस्पताल में लगातार समस्याएं बनी हुई हैं. अस्पताल के डाक्टर कड़ी मेहनत कर रहे हैं. किंतु अपर्याप्त संसाधन उनके काम में बाधा बन रहे हैं. विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होती है, लेकिन इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण वे सुविधाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं.

विदर्भ स्तरीय निबंध स्पर्धा में साबू प्रथम

गोंदिया-विदर्भ स्तरीय बुलढाना जिला माहेश्वरी संगठन की ओर से आयोजित स्व. लालचंद्र राठी (चौधरी) की स्मृति में विदर्भ स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसका विषय था समाज की घटती जनसंख्या बढ़ती सामाजिक समस्याइस प्रतियोगिता में गोंदिया जिले से भी प्रतिस्पर्धी शामिल हुए थे. पूरे विदर्भ के 11 जिलों से सैकड़ों लोगों ने इस निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया था. जिले से मंगला अशोक साबू को विदर्भ स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित कर 5001 रुपए की राशि व सम्मान चिन्ह न सम्मान पत्र दिया गया. महेश्वरी समाज गोंदिया जिलाध्यक्ष राजेश पनपालिया, सचिव रवि मुदडा था कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महेश्वरी व महासभा के प्रतिनिधि अशोक चांडक ने जिले की ओर से मंगला शाबू का सम्मान किया है।

मनीषा का विदेश में पढने का सपना होगा पूरा

विधायक विनोद अग्रवाल की पहल पर 31 लाख 50 हजार रुपयों की स्कालरशिप मंजूर

बुलंद गोंदिया। विधायक विनोद अग्रवाल ने मंत्रालय स्तर पर मनीषा फूलसुंगे के उच्च शिक्षा हेतु 31 लाख 50 हजार रुपयों को स्कालरशिप मंजूर कराई जिसके चलते मनीषा का विदेश में पढने का सपना अब पूर्ण होने वाला है। मनीषा ने बीएससी ?ग्रीकल्चर में ग्रेजुएशन किया है साथ में हिमाचल से ?ग्रीकल्चर बिज़नेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट है। आगे की पढाई हेतु मनीषा ने न्यू कासल यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंग्डम में अप्लाय किया था जहा पर उसका उच्च शिक्षा हेतु चयन हो गया था लेकिन आर्थिक परिस्तिथी के चलते विदेश में पढने का हात आया मौका छुट जाएगा इसके डर से मनीषा की माताजी ने विधायक विनोद अग्रवाल के पास मदत की गुहार लगाई. आपकी बेटी विदेश में पढने जरुर जाएगी ऐसा वचन विधायक विनोद अग्रवाल ने मनीषा की माताजी को दिया था और उसे पूर्ण करते हुए 31 लाख 50 हजार रुपयों की स्कालरशिप विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा आदिवासी विभाग के माध्यम से मंजूर कराई गई है।

मनीषा की माताजी हुई भावुक, व्यक्त किया आभार

मनीषा पढने में तेज है, अपनी मेहनत और लगन से उसने आज तक सारी परेशानियों का सामना करते हुए शिक्षा प्राप्त की है. विदेश में पढाई करने का मौका हात से छुट न जाए इस डर से मनीषा की माताजी ने विधायक विनोद अग्रवाल के कार्यालय में गुहार लगाई. मनीषा का विदेश में पढने का सपना सपना न रहते हुए अब वह आगे की पढाई कर सकेगी इसलिए मनीषा के माताजी ने विधायक विनोद अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किये है. मिडिया से बात करते करते मनीषा की माताजी भावुक हो गई थी।

मनीषा को शुभकामनाये- विधायक विनोद अग्रवाल

मनीषा फुलसुंगे बहोत होशियार और मेहनती लड़की है. उसकी उच्च शिक्षा हेतु मदत करने में मुझे आनंद हो रहा है. पढाई यह प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है और लोकप्रतिनिधि के नाते गरजू को मदत करना मेरा कर्त्तव्य है।

सोने का महल बनवाना तो द्वारिका जैसा बनवाना सोने की लंका नहीं- अतुलजी महाराज रामायणी

सेठ शंकरलाल अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में बह रही ज्ञान गंगा

बुलंद गोंदिया -गोंदिया के सेठ शंकरलाल अग्रवाल परिवार द्वारा 16 से 23 सितम्बर तक, राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य अतुलजी महाराज रामायणी की ओजस्वी वाणी में प्रताप लॉन्स, गोंदिया में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इसी श्रृंखला में कथा के चौथे दिन अतुलजी महाराज रामायणी ने भगवान श्री कृष्ण जन्म के साथ ही जीवन दर्शन पर भी ज्ञान गंगा प्रवाहित कर धर्म एवं नीति मार्ग पर चलने की श्रोताओं को राह दिखाई।

अतुलजी महाराज रामायणी ने कहा कि धन की तीन गति है और इन तीन प्रकार की गति से धन आपके पास से निकलने का मार्ग बनाता है, पहला दान, दूसरा भोग, और तीसरा सत्कार.. इन तीन मार्गों में किस तरह से कैसे चलना है, यदि इसका हमने ध्यान नहीं रखा तो धन की प्राप्ति पुण्य की बजाए पार्प कर्म की ओर बढ़ा ले जाती है। अतुलजी महाराज रामायणी ने आगे बताया कि माता लक्ष्मी जी की पूजा हम करते हैं, लेकिन मां लक्ष्मी जी की सवारी उल्लु है, और भगवान विष्णु जी की सवारी गरुड़ है। जब माता लक्ष्मी विष्णु जी के साथ होंगी तो गरुड़ पर सवार होंगी, इसलिये माता लक्ष्मी की पूजा भगवान विष्णु जी के साथ की जानी चाहिये, तभी मां लक्ष्मी की कृपा आप पर बरसेगी, और लाभदायक भी होगी। अतुलजी महाराज रामायणी राजा बलि की कहानी सुनाई, उन्होंने राजा बलि के वैभव और दान की कहानी का वृतांत सुनाया तो वहीं बोलकर दिये जाने वाले दान और संकल्प दान का अर्थ बताया, अतुल जी महाराज ने बताया कि राजा बलि की प्रसिद्धी जानकारी भगवान ने उनकी परीक्षा ली, और तीन वचनों में पुरे राजा बली को भी नाप लिया। इस वृतांत के साथ ही अतुल जी महाराज ने राजा बति की पुत्री के दूसरे जन्म में पूतना बनने की कहानी का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन हमेशा प्रेरणा दाई होना चाहिए। मौन, वचन और प्रवचन किस तरह से धर्मधारा की ओर बहा, और इसकी आवश्यकता पर भी उन्होंने धर्म उपदेश दिया। पूज्य अतुलजी महाराज रामायणी ने आगे कहा कि सोने का महल बनावाना तो द्वारिका जैसा बनवाना, लंका मत बनवाना, सोने की द्वारिका भी बनवाना तो समझ लेना इसे भी एक दिन जल में समा जाना है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि जितना हम खर्च कर सके, हम उतने के ही मालिक हैं, बाकी धन की तो हमें चौकीदारी ही करनी है। भगवान श्री कृष्ण की कृष्ण लीला और भगवान श्री राम जी के चरित्र का मेल भी अतुल जी महाराज ने बताया, उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर हमेशा लोगों को भ्रांति है, लेकिन यह देखना होगा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ रास लीला की, लेकिन उनका चरित्र भगवान श्री राम की तरह मर्यादित था। कृष्ण के लीला मार्ग का अनुसरण करें तो भी राम की मर्यादा साथ होनी चाहिये। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के वाचन के दौरान अतुलजी महाराज रामायणी ने भगवान श्री कृष्ण जन्म का वृतांत भी सुनाया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के नटखट स्वरुप की झांकी भी तैयार की गई, फूलों की बौछार के साथ कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई गई, और बधाइयों का सिलसिला चलता रहा। नाच गाने के साथ कान्हा को सबने दुलार किया। इस अवसर पर आराधना ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुती की गई। कार्यक्रम का संचालन अपूर्व ने किया।

श्रीकृष्ण की माखन चोरी, गोवर्धन लीला एवं छप्पन भोग का पावन प्रसंग

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के सात दिवसीय आयोजन के पांचवे दिवस पर आज बुधवार 20 सितम्बर को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लिलायें माखन चोरी, गोवर्धन लीला आदि पर पुज्य श्री अतुलजी महाराज दोपहर 3.00 बजे से 6.00 बजे तक प्रवचन देगें। उपरांत प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किया जायेंगा। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित रहकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण लाभ लेने का अनुरोध पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, कृउबास संचालक सुरेश कुमार अग्रवाल एवं राजकुमार अग्रवाल ने किया है।

चोरी का आरोपी पकडाया

गोंदिया-तहसील के चुलोद के एक बंद घर से टीवी व मंदिर से दानपेटी, घंटी चुराने वाले आरोपी चुलोद निवासी आनंद रहांगडाले (22) को स्थानीय अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है. चुलोद निवासी फिर्यादी हंसराज मिताराम चौरे (52) घर को ताला लगाकर बाहर गांव गया था. अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का ताला तोड़कर टीवी चुरा लिया. जिसकी कीमत 16 हजार 200 रुपए बताई गई है. वहीं मंदिरी की दानपेटी व घंटी चोरी किया था. फिर्यादी पुजारी मंसाराम ठाकरे की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज था. प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी चुलोद निवासी आनंद रहांगडाले (22) को गिरफ्तार किया गया. उससे पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि उसने अपने फरार साथी साहिल राऊत के साथ चोरी किया. आरोपी के पास से 66 हजार 900 रुपए का माल जब्त किया गया.

देवरी का राजा के महोत्सव पर फल वितरित

देवरी-देवरी का राजा नवयुवक किसान गणेश मंडल इस वर्ष 55वां वर्ष उत्सव मना रहा है. मंडल पूरे वर्ष कई सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहता है. इस वर्ष भी पूरे 10 दिन कई उपक्रम रखे गए है. इस श्रृंखला में मरीजों को फलों का वितरण किया गया. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश भेलावे, उपाध्यक्ष लेखराम निर्वाण, सचिव संजय बलगये, रवि भोयर, राहुल खरे, विक्कीसिंह कटरे, सागर सोनवाने, अविनाश खेरे, अजित बघेले, निलेश वगारे, निखिल शर्मा उपस्थित थे.

समाज कल्याण कार्यालय आईडी पर छात्रवृत्ति आवेदन जल्द सादर करे

बुलंद गोंदिया। सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के माध्यम से प्रति वर्ष पोस्ट मैट्रिक शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति, इमाव, विजभाज एवं बीमाप्रा वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार की छात्रवृत्ति, शिक्षा शुल्क परीक्षा शुल्क एवं राजर्षि का लाभ दिया जाता है। शाहू महाराज योग्यता छात्रवृत्ति योजनाएँ। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए छात्रों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए महाडबिट प्रणाली 22 सितंबर 2022 से चालू कर दी गई है। छात्रों को महाडबिट प्रणाली पर आवेदन (नवीकरण/नवीनीकरण) दाखिल करने के लिए 25 सितंबर 2023 तक की मोहलत दी गई है। यद्यपि शैक्षणिक सत्र 2022-23 समाप्त हो चुका है, फिर भी 18 सितम्बर 2023 तक महाविद्यालय की आईडी पर निम्नलिखित छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन पत्र लम्बित हैं।

जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे त्रुटि सुधार कर समाज कल्याण कार्यालय की आईडी पर लंबित आवेदन पत्रों को कार्यालय पत्र के माध्यम से, कार्यालय के तालुका लिपिक से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क कर जमा कराएं। वी.सी. तथा उपरोक्तानुसार वास्तविक बैठक में बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी महाविद्यालय की आईडी हेतु आवेदन लम्बित हैं।महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन में त्रुटियों को सुधारना महाविद्यालय के प्राचार्य का उत्तरदायित्व है। इसलिए जिन छात्रों ने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र नहीं भरा है वे तुरंत ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भर दें। जिस कॉलेज में छात्रवृत्ति के पात्र विद्यार्थियों के आवेदन आईडी में त्रुटि सुधार के अभाव में लंबित हैं, उस महाविद्यालय के प्राचार्य छात्रवृत्ति के पात्र विद्यार्थियों के आवेदनों की जांच कर आवेदन में त्रुटियों को सुधार कर पात्र विद्यार्थियों के आवेदन जमा कराएं। 25 सितंबर 2023 तक समाज कल्याण कार्यालय की आईडी पर। छात्रवृत्ति पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र समाज कल्याण कार्यालय की आईडी पर निर्धारित समय में जमा न कर पाने के कारण यदि छात्रवृत्ति पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित अवधि में समाज कल्याण कार्यालय की आईडी पर जमा कराये जायें। यदि छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी विलम्ब/परिहार के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्रवृत्ति धारक एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। हालांकि, समाज कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त विनोद मोहतुरे ने जिले के छात्रों, अभिभावकों और कॉलेज प्राचार्यों से इस पर ध्यान देने की अपील की है।

छत्रपति शाहूमाहराज नगर समिति का तान्हा पोला आयोजन

बुलंद गोंदिया(आमगांव)-छत्रपति शाहूमाहराज नगर समिति द्वारा तान्हा पोला आयोजन का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में सुरेंद्र नायडू, ईश्वर बाहेकार, महेश ऊके, व्ही. डी. मेश्राम, संतोष पुंडकर, एड एस डी बागड़े, संभुदयाल अग्रिका, आदि उपस्थित थे।इस दौरान सत्कार मूर्ती में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर व समाजिक कार्यकर्ता रितेश किशोरीलाल अग्रवाल व सामाजिक कार्यकर्ता योगेश अरुण रामटेके का अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पोला के प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुरेंद्र नायडू के ओर से गार्गी बोहरे, द्वितिय पुरस्कार ईश्वर बाहेकार के ओर से स्टडी टेबल महेंग पाथोडे व त्रितीय पुरस्कार संजय बहेकार के ओर से अवनि ढोक को उपस्थित अतिथियों द्वारा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु संयोजक धरती महिला बचत गट रिसामा व आयोजक क्षत्रपति शाहूमाहराज नगर समिति, गोंदिया रोड़ आमगांव ने किया।

उत्साह पूर्वक मनाया हरतालिका तीज पर्व

गोंदिया-सुहागिनों के लिए फलदायी माने जाने वाले हरतालिका तीज का पर्व संमवार को मनाया गया. इसमे विवाहित महिलाओं ने भगवान शिव के साथ माता पार्वती का पूजन कर पति की लंबी उम्र की कामना की. पति को दोघंयु और समृद्धि की कामना के लिए महिलाओं ने तीजा व्रत रखा है. इस बार तीजा पर विशेष परंपरागत परधानों को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा गया. सुहागन पति की दीर्घयु और खुशहाली व कन्याओं ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए तीज का व्रत रखा. इसके लिए परिधानों को ऐकर इसके साथ सोलह श्रृंगार की समी पूजा की थाली की साजसज्जा कर पूजा- अर्चना की गई. परंपरागत रूप से महिलाओं के लिए इस निर्जला व्रत का वहुत महत्व है. महिलाओं ने हरतालिका तीज की पूजा करते समय पूजन सामग्री में सूखा नारियल, कलश, बेलपत्र, शमी का पत्ता, केले का पता, धतूरे का फल, घी, शहद, अबीर, चंदन, मंजरी, कलावा, इत्र, पांच प्रकार के फल, सुपारी, अक्षत, धूप, दीप, कपूर, कुमकुम, गंगाजल, दुवां, जनेऊ व सुहाग की सामग्री का उपयोग किया. इसी श्रृंखला में ग्राम धापेवाड़ा में वैनगंगा नदी पर सुहागिन महिलाओं ने तीजा की पूजा-अर्चना की.

सड़क पर बहते पानी से लोग परेशान

गोंदिया-शहर के कई परिसर में सड़कों पर पानी बहता देखा जा रहा है. सड़क पर पानी बहने के कारण इस मार्ग से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही गंदी नालियों का पानी भी सड़कों पर आने से व नालियों में गंदगी बजबजाने से मच्छरों की संख्या में इजाफा हो गया है. इस ओर ध्यान नहीं देने से लोगों में गुस्सा देखा जा रहा है.

जिप शाला के परिसर मे हाईटेंशन विद्युत लाइन तार दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण, ग्राम पंचायत ने हटाने दिया निवेदन

बड़ी घटना हुई तो जवाबदार कौन ?

बुलंद गोंदिया। (विजेन्द्र मेश्राम खातिया)- गोंदिया तहसील अंतर्गत आनेवाले ग्राम खातिया मे जिला परिषद स्कूल के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन होने से हमेशा ही बड़ी दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत प्रशासन ने विद्युत विभाग को निवेदन कर यह मांग की विद्युत तारों के पोल को हटाकर किसी दूसरी जगह से ले जाया जाए परंतु इस बारे मे संबंधित विभाग को अनेकों बार अवगत कराने के बावजूद अब तक के संबंधित विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। गौर तलब है की इसके पूर्व दो-तीन घटनाएं हो चुकी है परंतु उसमें कोई जन हानि नहीं हुई है प्राप्त जानकारी अनुसार एक बार मुख्य बड़ी लाइन का विद्युत तार टूट गया था यहां तक की पोल के ऊपर भी दो-तीन बार शॉर्ट सर्किट हुए हैं जिससे हमेशा यह भय बना रहता है कि कही विद्यार्थी व ग्रामीण नागरिक इसका शिकार ना हो जाए इसलिए ग्राम पंचायत प्रशासन खातिया के माध्यम से संबंधित विभाग से बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है यदि ऐसा ही रहा और कोई बड़ी दुर्घटना हुई तो इसका जवाबदार कौन यह सवाल ग्रामीण जनता के माध्यम से किया जा रहा है।

बार बार अवगत कराने बावजुद प्रशासन नही दे रहा सुध

हाईटेंशन विद्युत लाइट के तार के हटाने की मांग का निवेदन संबंधित विभाग को दिया गया है और बार-बार इस गंभीर समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है परंतु अब तक संबंधित विभाग द्वारा कोई भी शुद्ध नहीं ली जा रही है यदि कोई बड़ी दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जवाबदार कौन रहेगा?

- ललित अर्जुन तावाडे सरपंच ग्राम पंचायत खातिया

हाईटेंशन विद्युत आपूर्ति लाइट के तार के पोल हटाकर दूसरी जगह लगाया जाए हमेशा विद्यार्थी यह आवागमन करने वाले नागरिकों के मन मे लगा रहता है इसीलिए संबंधित विभाग ने शीघ्र ध्यान देकर ग्रामीणों की समस्या से निजात दिलाये।

देवानंद महारवाडे सामाजिक कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कार्यालय अब व्हाट्सएप चैनल पर योजनाओं, निर्णयों के बारे में सटीक, आधिकारिक जानकारी प्राप्त करें

बुलंद गोंदिया।(मुंबई)- आम आदमी के मुख्यमंत्री के नाम से मशहूर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अब व्हाट्सएप के जरिए राज्य की जनता से सीधे जुड़ गए हैं। गणेश चतुर्थी के दिन मुख्यमंत्री सचिवालय के व्हाट्सएप चैनल सीएमओ महाराष्ट्र का श्री गणेश कर दिया गया है. मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों, कैबिनेट निर्णयों, सरकारी योजनाओं, पांच विभिन्न विकास परियोजनाओं आदि की सटीक और आधिकारिक जानकारी अब इस चैनल के माध्यम से सीधे जनता तक पहुंचाई जाएगी।दुनिया भर में संचार का एक प्रभावी और उपयोगी माध्यम बन चुके व्हाट्सएप ने चैनलों के माध्यम से एक नया मंच उपलब्ध कराया है और 19 सितंबर मुख्यमंत्री सचिवालय का एक अलग चैनल लॉन्च किया गया है। इस प्रमाणित चैनल को यूजर्स से सहज प्रतिक्रिया मिल रही है और चैनल लॉन्च करने के कुछ ही समय के भीतर 40 हजार से ज्यादा यूजर्स ने चैनल को फॉलो किया है।

मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व में राज्य में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लागू करते हुए जनोन्मुखी योजनाओं, विकास परियोजनाओं की सटीक एवं वस्तुनिष्ठ जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सरकार की योजनाओं एवं निर्णयों की जानकारी लोगों तक पहुंचे तो उन्हें लाभ मिल सके। यह से। मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने हमेशा जनता तक पहुंचने पर जोर दिया है, अब संचार अधिक प्रभावी होगा क्योंकि मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों और सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे स्मार्ट फोन पर प्राप्त की जा सकेगी।

वर्तमान में मुख्यमंत्री सचिवालय के जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से जनता को सूचित करने के लिए एक्स (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, थ्रेड्स, कू, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया के साथ-साथ इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप का उपयोग किया जाता है। पिछले हफ्ते व्हाट्सएप द्वारा चैनल की घोषणा करने के बाद, मुख्यमंत्री सचिवालय ने कंपनी से संपर्क किया और कल सीएमओ महाराष्ट्र नाम से एक अलग, प्रमाणित चैनल श्रीगणेश लॉन्च किया गया। इस चैनल को यूजर्स का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है और कुछ ही घंटों में इस चैनल को 40 हजार से ज्यादा यूजर्स फॉलो कर चुके हैं।

चैनल को फ़ॉलो करें

जब आप व्हाट्सएप ऐप पर %अपडेट% मेनू पर जाते हैं, तो वहां एक चैनल सेक्शन होता है और वहां चैनल ढूंढें में सीएमओ महाराष्ट्र टाइप करने के बाद, आपको चैनलों की सूची में यह सत्यापित चैनल दिखाई देगा, उस पर क्लिक करें और इसे फॉलो करें, आपको बिना किसी मेहनत के सभी अपडेट मिलते रहेंगे। https://whatsapp.com/channel/VayFQflWTydHvlnPxh लिंक पर क्लिक करके व्हाट्सएप धारक CMO महाराष्ट्र चैनल को फॉलो कर सकते हैं।

अदालत का आदेश, शराब बंदी पर महिला वोट की लगी मुहर

तीन वर्ष बाद महिलाओं के चेहरे पर देखने को मिली खुशी

बुलंद गोंदिया। (पांढरी सड़क अर्जुनी) - सड़क अर्जुनी तहसील के पांढरी गांव की महिलाओं के शराब बंदी आंदोलन को सफलता मिली है. मुंबई हाईकोर्ट के आदेश पर 14 सितंबर को हुई मतगणना में शराब विक्रेताओं को पराजय का सामना करना पड़ा है।

साढ़े तीन हजार की आबादी वाले पांढरी गांव में खुलेआम बड़ी मात्रा में बिक रही शराब की समस्या को हल करने महिलाओं के लिए कार्यरत जीजामाता पैनल ने पहल की थी. जिसके बाद 15 सितंबर 2021 को मतदान और उसी दिन मतगणना का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया गया था। लेकिन शराब विक्रेताओं मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में नतीजे पर रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की थी. खंडपीठ ने 15 सितंबर को होने वाली मतगणना पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी. अब तीन वर्ष पश्चात नागपुर खंडपीठ ने 7 सितंबर को आदेश पारित करते हुए 15 सितंबर या इससे पूर्व नतीजा घोषित करने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था. जिसके अनुसार तहसीलदार ने 15 सितंबर 2021 को शराब बंदी संबंधी मतदान की गणना 14 सितंबर की सुबह 10.30 बजे तहसील कार्यालय में करवाई। शराब बंदी होने पर जश्न मनाती महिलाएं.

महिलाओं के पक्ष में पड़े 720 मत

पांढरी गांव के 834 महिला-पुरुषों ने मतदान में हिस्सा लिया था. शराबबंदी के पक्ष में खड़ी महिलाओं के पक्ष में 720 वोट मिले, जबकि विपक्ष में मात्र 72 वोट डाले गए थे. 42 वोट अवैध पाए गए. शराबबंदी के पक्ष में फैसला आने के बाद महिलाओं ने पांढरी गांव में जश्न मनाया।

शराब बंदी के समर्थन में 720 महिलाओं ने डाला वोट
खिलाफ में 72 लोगों ने किया मतदान 42 मत अवेध
साढ़े तीन हजार की आबादी वाले पांढरी गांव की युवा पीढ़ी हो रही थी बर्बाद किराना दुकानों पर बिक रही शराब

पांढरी गांव में एक शराब भट्टी और दूसरा बीयर बार का सरकारी शराब बिक्री का केंद्र है, लेकिन इसके अलावा किराना दुकानों, ढाबों से बड़े पैमाने में शराब बेची जाती है. ज़्आखिरकार महिलाओं ने पुरुषों के खिलाफ मोर्चा खोला और जीत हासिल की है।

क्रिकेट बुकी सोंटू जैन का पासपोर्ट जब्त नहीं भाग सकेगा देश के बाहर

बुलंद गोंदिया। नागपुर शहर के चावल कारोबारी विक्रांत अग्रवाल के साथ 58 करोड़ की ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बुकी अनंत उर्फ सोंटू नवरतन जैन पर धीरे- धीरे पुलिसका शिकंजा और कसता जा रहा है। अब वह विदेश नहीं भाग सकेगा। बुधवार को पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया है। इस बीच, सोंटू जैन ने बुधवार को भी क्राइम ब्रांच के गिट्टीखदान स्थितक्राइम ब्रांच में हाजिरी लगाईजिससे करीब 8 घंटे तक उससे पूछताछ की गई।

करीबियों को नोटिस

डायमंड एक्सचेंज नामक गेमिंग एप्लिकेशन की आईडी लेकर क्रिकेट बुकी सॉंटू जैन ने विक्रांत अग्रवाल को 58 करोड़ रुपए की चपत लगाई। पुलिस को सॉंटू के दो साल की कमाई का आयकर रिकार्ड में 16.15 लाख की कमाई होने का पता चला है, जबकि वह करोड़ों रुपए की संपत्ति का मालिक है। उसके 12 से अधिक शेल कंपनियों के खाते को पुलिस की एक टीम और फॉरेंसिक ऑडिट टीम खंगाल रही है। चर्चा है कि सोंटू जैन ने गोंदिया के संजय अग्रवाल नामक व्यक्ति से जमीन खरीदने के लिए 30 करोड़ रुपए का हाल ही में लेन-देन किया था। संजय, सोंटू की बहन आस्था जैन, उसकी सहेली रुबी जैन और आस्था के देवर विनय जैन को बुधवार को बयान देने के लिए नागपुर आने का नोटिस जारी कर दिया गया है। गवाहों पर बना रहा दबाव-सोटू जैन अब गवाहों पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। चर्चा है कि पुलिस को 2-3 गवाह मिले हैं। सोंटू को जब इसके बारे में भनक लगी तो वह गवाहों को ही धमकाने लगा है। पुलिस इस मामले में पीड़ित विक्रांत अग्रवाल और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है, जिससे संभावना व्यक्ति की जा रही है कि सॉंटू के खिलाफ एक और आपराधिक मामला दर्ज हो सकता है।

तान्हा पोला पर बच्चों में दिखा उत्साह

गोंदिया- शहर में इस वर्ष बरसात के बावजूद भी बच्चे और नागरिकों में तान्हा पोला पर्व का उत्साह दिखाई दिया. शहर में जगह-जगह तान्हा पोला का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया. बच्चों ने नए वस्त्र धारण करके अपने लकड़ी के नंदी को फूलों और रंगीन पन्नियों से सजावट कर उनका श्रृंगार किया. स्थानीय रामेश्वरम, छोटा शिव मंदिर, रामनगर में बच्चों के लिए तान्हा पोला का आयोजन कर मोहल्ले के युवाओं ने सनातन धर्म को बनाए रखने व क्षेत्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साह बनाए रखने में सफल रहे. इस अवसर पर वहां के नागरिकों ने सभी बच्चों को उपहार स्वरूप चाकलेट, फल, शैक्षणिक सामग्री आदि का वितरण किया तथा उनके लकड़ी के बैलों की हल्दी, कुमकुम और अक्षत लगाकर पूजा की.

नागरिक सजग रहकर भविष्य के लिए अपने परिवार का आयुष्मान भारत योजना का कार्ड बनवाएं - जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे

» जिले में चार माह तक आयुष्मान भव अभियान चलाया जाएगा, ग्रामीण स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाएं

बुलंद गोंदिया। समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार का महत्वाकांक्षी %आयुष्मान भव% अभियान जिले में 17 सितंबर से 31 दिसंबर 2023 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज, ग्रामीण अस्पताल, आरोग्य वर्धिनी केंद्र को समन्वय स्थापित कर गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन वानखेड़े, जिला सर्जन डॉ. अमरीश मोहबे, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश सुतार, सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुसुमाकर घोरपड़े, नगर परिषद प्रमुख करण चव्हाण, जिला महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गणवीर, जिला महामारी अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश चौरगड़े, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. नितिन कापसे, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ. डी.बी. जायसवाल, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. सुशांकी कापसे, समन्वयक, आयुष्मान भारत योजना डॉ. जयंती पटले, जिला सूचना अधिकारी रवि गिते, शिक्षा विभाग के अनिल चव्हाण, बाई गंगाबाई महिला अस्पताल के डॉ. ईशान तुरकर, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती आर.पी. मिश्रा के साथ ही डॉ. स्वाति घोडमारे, डॉ. विजय राऊत, डॉ. अमित कोडानकर, डॉ. ललित कुकड़े, डॉ. विनोद चव्हाण, ई. तहसील स्वास्थ्य अधिकारी और सभी ग्रामीण अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक, गैर-सरकारी संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे।

विभिन्न गतिविधियाँ जैसे आयुष्मान आपला दारी, आयुष्मान मेला, स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान अभियान, अंगदान जागरूकता अभियान, आयुष्मान सभा, आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय में 0 से 18 वर्ष के बच्चों की स्क्रीनिंग, 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुषों की स्वास्थ्य जांच चार माह में होगा लागू जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नितिन वानखेड़े ने दी। आयुष्यमान आपके द्वार आयुष्मान आपले दारी पहल के तहत जिले के पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और राज्य सरकार की महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना को सम्मिलित करके क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत मरीजों को स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से पांच लाख तक के कुल 1356 उपचार और सर्जरी मुफ्त प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (आभा) के एक भाग के रूप में, केंद्र सरकार ने आभा कार्ड पहल शुरू की है और सभी नागरिकों को आभा कार्ड के लिए पंजीकरण कराना चाहिए। मरीज की सभी जानकारी एक ही स्थान पर और डिजिटल रूप में प्राप्त करने के लिए आभा कार्ड लॉन्च किया गया है। मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री, किए गए टेस्ट, इलाज आदि की जानकारी आभा कार्ड पर संग्रहित की जाएगी। हालांकि, इस पहल के तहत आशा सेविका, स्वास्थ्य व्यवस्था और अन्य विभागों की मदद से आयुष्मान लोगों तक पहुंचेगा। आयुष्मान मेला मेडिकल कॉलेज एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक शनिवार को ग्रामीण अस्पताल में आयुष्मान मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, कान नाक एवं गला रोग, त्वचा रोग, मानसिक रोग, दंत रोग एवं टेलीकंसल्टेशन सेवायें प्रदान की जायेंगी। पहले सप्ताह में संक्रामक रोग सेवाएं, दूसरे सप्ताह में तपेदिक, कुष्ठ रोग और अन्य संक्रामक रोग सेवाएं, तीसरे सप्ताह में मातृ, बाल स्वास्थ्य और पोषण स्वास्थ्य सुविधाएं, सिकल सेल, नेत्र विज्ञान, कान नाक और गला रोग सेवाएं चौथे सप्ताह, केंद्र पर जांच, निदान और रेफरल सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

स्वच्छ भारत मिशन

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा. इसके लिए जन प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य, जन स्वास्थ्य समिति के सदस्य और रोगी कल्याण समिति के सदस्य शामिल होंगे। रक्तदान अभियान -

17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच जिले के सभी ब्लड बैंकों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अंगदान जागरूकता अभियान

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, ग्राम सभाओं, कार्यालयों में शपथ लेकर अंगदान के प्रति जनजागरण किया जाएगा और नागरिकों से अंगदान फॉर्म भरवाए जाएंगे।

आयुष्मान सभा

जिले में 2 अक्टूबर को ग्राम स्तर पर आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, गांव के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण शामिल होंगे। आयुष्मान सभा का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करना एवं आभा पंजीकरण कराना है। बैठक में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और राज्य सरकार की महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के महत्व पर जोर दिया जाना है. सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा सेविका के माध्यम से क्षय रोग, निक्षयमित्र, संचारी रोग, सिकल सेल, मानसिक रोग, पोषण, कुष्ठ रोग, संचारी रोग, टेलीकंसल्टेशन, ई-संजीवनी ओपीडी, टीकाकरण के बारे में जन जागरूकता फैलाई जाएगी।

आंगनबाड़ियों और प्राथमिक विद्यालयों में 0 से 18 वर्ष के बच्चों की जांच

इस पहल के तहत जिले की सभी आंगनबाड़ियों और प्राथमिक विद्यालयों में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा. जन्म दोष, जन्मजात बीमारियों, बौद्धिक विकास समस्याओं, कुपोषण, कमी, रतौंधी और अन्य प्राथमिक बीमारियों वाले बच्चों के लिए जांच, दवा और रेफरल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जरूरत पड़ने पर निःशुल्क सर्जरी की जायेगी. इसके लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मेडिकल टीमों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद से आंगनबाड़ियों और प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की जांच की जाएगी।

18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुषों के लिए स्वास्थ्य जांच

इस पहल के तहत जिले के 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी पुरुषों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परीक्षण और उपचार निःशुल्क किया जाएगा। जरूरत के मुताबिक गंभीर रूप से बीमार मरीजों की राज्य सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के स्वीकृत अस्पतालों में मुफ्त सर्जरी की जाएगी।

केरोसिन की कमी से बढ़ी परेशानी

गोंदिया-वर्तमान में केरोसिन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक भटकते नजर आ रहे हैं. सरकार ने उज्ज्वला गैस का वितरण करके गरीबों के राशनकार्ड से केरोसिन बंद कर दिया है. इन दिनों बारिश में बिजली की समस्या उत्पन्न होती है. ऐसी स्थिति में रात के समय घरों में उजियाला रखने के लिए लोग दिया जलाते हैं. लेकिन केरोसिन का अभाव होने के कारण लोगों के घरों में रात होते ही अंधेरा छा जाता है. प्रति वर्ष बारिश के दिनों में दुर्गम क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काफी दिनों तक बंद रहती है. ऐसे में केरोसिन का अभाव होने के कारण लोगों को बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।